राजधानी
वर्ष 12 | अंक 81 | पृष्ठ : 16+8=24
मूल्य : तीन रुपये
7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

# अमर उजाला

लखनऊ
सोमवार, 16 सितंबर 2019

amarujala.com | उपलब्धि | 34 साल के पंकज आडवाणी ने जीता 22वां विश्व खिताब...12 | उत्तर प्रदेश

अमर उजाला my city महिला • संस्कृति • समाज
सोमवार • 16.09.2019
lucknow.amarujala.com
7

## प्राकृतिक तरीके अपनाने की जरूरत

लखनऊ। पर्यावरण को बचाने के लिए अब एसी की जगह प्राकृतिक तरीकों को अपनाने की जरूरत है। इंजीनियर्स डे पर आयोजित एक कार्यक्रम में इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स में इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिक श्याम कृष्ण पांडेय ने यह बात कही। विशिष्ट अतिथि एनटीपीसी के अधिशाषी निदेशक केके सिंह जबकि मुख्य अतिथि प्रमुख अभियंता सिंचाई अनूप कुमार श्रीवास्तव रहे। इस मौके पर राष्ट्रीय परिषद के सदस्य वीबी सिंह, अध्यक्ष आरके त्रिवेदी, सचिव प्रभात किरण चौरसिया, सेतु निगम के पूर्व एमडी मसर्रत नूर खां भी मौजूद रहे। उधर, एनई रेलवे इंजीनियर्स एसोसिएशन लखनऊ मंडल की ओर से डीआरएम कार्यालय में मनाया गया। मुख्य अतिथि संजय श्रीवास्तव ने रेलवे में सेफ्टी को लेकर अपनाई जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। एसएन पांडेय ने सिग्नल विभाग में सेफ्टी पर चर्चा की।